**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2766**
**उत्तर देने की तारीख 17 दिसम्बर, 2025**

## जनजातीय और पर्वतीय क्षेत्रों में डिजिटल संपर्क सुविधा

**2766. श्री रिचर्ड वनलालहम्ंगइहा:**
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मिजोरम में भारतनेट चरण-।। के अंतर्गत जोड़े गए गांवों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार की सीमावर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों में 4जी/5जी कवरेज में सुधार की योजना है और यदि हां, तो स्वीकृत नए दूरसंचार टावरों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मिजोरम में डिजिटल संपर्क सुविधा संबंधी परियोजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) मिजोरम में भारतनेट चरण-II के अंतर्गत कुल 499 गांवों को जोड़ा गया है।

(ख) सरकार डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) द्वारा वित्तपोषित 4जी सेचुरेशन परियोजना के माध्यम से सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं का अभिगम प्रदान कर रही है जिसके अंतर्गत मिजोरम में 52 दूरसंचार टावरों (50 नए टावर और 2 मौजूदा टावरों का उन्नयन) की योजना बनाई गई है।

(ग) दिनांक 30-11-2025 की स्थिति के अनुसार मिजोरम के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डीबीएन की विभिन्न प्रमुख चालू परियोजनाओं के अंतर्गत 117.05 करोड़ रुपये संवितरित किए गए हैं।

*****